पत्रांक- विधि- 4(1)/ परिपत्र भाग- 4/(2015-16)// 1745/1617037 // वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0

(विधि-अनुभाग)

दिनांक:: लखनऊ, 07 अक्टूबर, 2016

**समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1,**
**समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2,**
**समस्त ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्यपालक/वि0अनु0शा0),**
**समस्त करनिर्धारण अधिकारी,**
**वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।**

आप अवगत है कि ईंट भट्ठा समाधान योजना सीजन वर्ष 2015-16 की अवधि दिनांक 30-09-2016 को समाप्त हो चुकी है। राजस्व की दृष्टिकोण से दिनांक 01-10-2016 को समस्त ईंट भट्ठों पर उपलब्ध ईंटों के स्टॉक की गणना हेतु भट्ठों का सर्वेक्षण किया जाना अति आवश्यक है। अत: आपको निर्देशित किया जाता है कि ईंटों के स्टॉक की गणना हेतु समस्त ईंट भट्ठों का सर्वेक्षण दिनांक 20-10-2016 तक पूर्ण कर लें तथा ईंटों के स्टॉक की फोटोग्राफी करके इसे पत्रावली का भाग भी बनाना सुनिश्चित करें। भट्ठों की संख्या अधिक होने या अन्य व्यवहारिक कठिनाईयों को दृष्टिगत रखते हुए वि0अनु0शा0 ईकाईयों का सहयोग भी लिया जा सकता है। ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्यपालक) का यह दायित्व होगा कि समयबद्ध तरीके से भट्ठों का सर्वेक्षण सुनिश्चित करायें। ईंट भट्ठों के सर्वेक्षण की समीक्षा माह अक्टूबर में आयोजित विडियों कांफ्रेंसिंग में की जायेगी।

उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

6/10/16

(मुकेश कुमार मेश्राम)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।